# तकनीकी विश्वविद्यालय में शुरू हुआ एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में सोमवार से एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आरंभ हो गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल तकनीकी और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नई दिशा और ज्ञान प्रदान करना है। विश्वविद्यालय के एकेडेमिक स्टाफ डेवलपमेंट सेंटर और इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोपेश्वर के सहयोग से आयोजित इस एफडीपी में
सी डीएसी पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर विशेष व्याख्यान दिए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए, ए आई और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों के महत्व पर जोर दिया और राज्य के सभी शिक्षकों को इस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सी डीएसी पटना के निदेशक

## ■ प्रोग्राम डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और साइबर सुरक्षा पर विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

आदित्य कुमार सिन्हा ने भी इस अवसर पर अपने सम्बोधन में सम्पूर्ण भारत के शिक्षकों को इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेने के लिए आह्वान किया, ताकि वे डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और प्रभावी तरीके से योगदान दे सकें।

इस अवसर पर डॉ. अमित अग्रवाल (निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोपेश्वर), डॉ. संदीप सिंह नेगी (समन्वयक, एएसडीसी, ) और लगभग 72 अन्य शिक्षकों ने भी उपस्थिति दर्ज की। इन सभी शिक्षकों ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में भाग लिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।